निःशुल्क रेबीज टीकाकरण का आयोजन

सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय मोदीपुरम के पशु चिकित्सा एवं पशुविज्ञान महाविद्यालय के पशु चिकित्सा नैदनिंक परिसर में दिनांक 28.09.2023 को विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर श्वानों में निःशुल्क एंटी रेबीज टीकाकरण कैंप का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति माननीय डॉ के.के. सिंह जी केकुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में किया गया जिसमे मेरठ जिले के विभिन्न श्वान पालको द्वारा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया गया I इस अवसर पर अधिष्ठाता पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञानं महाविद्यालय डॉ. राजीव सिंह ने बताया की रेबीज एक विषाणु जनित जूनोटिक रोग है जो की कुत्तो के काटने से मनुष्यों एवं पशुओं में फैलता है यह एक घातक एवं लाइलाज बीमारी है विश्व स्वस्थ्य संगठन के अनुसार प्रत्येक वर्ष 59000 मनुष्यों की मौत होती है जिनमे से से 95 प्रतिशत एशिया और अफ्रीका के देशो में होती है I मनुष्यों में रेबीज फैलने का मुख्य कारण इस बीमारी से ग्रसित कुत्तो का काटना है इसलिए प्रत्येक श्वान पालक को अपने कुत्तों में प्रत्येक वर्ष रेबीज का टीकाकरण अवश्य ही कराना चाहिए कैम्प में विभिन्न प्रजातियों के कुल 108 कुत्तो का टीकाकरण किया गया इस अवसर पर पशु चिकित्सा नैदानिक परिसर के प्रभारी अधिकारी डॉ. मनीष कुमार शुक्ला, डॉ. तरुण कुमार सरकार, डॉ, विजय सिंह, डॉ. विवेक मालिक, डॉ. विनोद कुमार वरुण, डॉ एम्. वी. जितिन, डॉ. अजीत कुमार सिंह, डॉ देश दीपक, डॉ अतुल कुमार वर्मा, डॉ आशुतोष त्रिपाठी, डॉ रमाकांत, एवं छात्र एवं छात्राएं भी मौजूद रहे

DEPARTMENT OF VETERINARY CLINICAL COMPLEX
Anti-Rabies Vaccination Camp
on the Occasion of
World Rabies Day, 28 September 2023
Galaxy S22